CMYK CMYK







नवभारत
भोपाल, शनिवार, 12 जुलाई, 2025

# विकास पर भारी आंतरिक कलह

**खास बातें**

- नगर पालिका में चल रहा घमासान
- सियासी रस्साकशी के चलते आम जनता हो रही परेशान



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 11 जुलाई, नगर विकास के प्रति कृतसंकल्पित रहने का दावा करने वाली नगर पालिका इन दिनों आंतरिक कलह की चपेट में है. हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि परिषद दो फाड़ नजर आ रही है और परिषद का यह विवाद सोशल मीडिया से होता हुआ सड़कों तक दिखाई दे रहा है.**

शुक्रवार की सुबह वार्डों में कचरा वाहन देरी से पहुंचने से नाराज पार्षद प्रतिनिधि अखिलेश राजपूत ने सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी मनीषा राजपूत के परिषद से त्यागपत्र देने की बात सहित पूर्व विधायक शशांक भार्गव से नगर पालिका में आ रही समस्याओं पर चर्चा की.पूर्व विधायक शशांक भार्गव का कहना है कि उन्होंने अखिलेश राजपूत से संगठन की गाइडलाइन का पालन करते हुए काम करने का कहा है तथा समस्याओं पर संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व एवं जनप्रतिनिधियों से बैठकर चर्चा करेंगे.वार्ड क्रमांक एक की पार्षद एवं नपा सभापति अरुणा माझी ने कहा कि परिषद को 3 वर्ष हो गए हैं लेकिन धरातल पर विकास शून्य है विकास नहीं होने से वार्ड में निकलने में भी शर्मिंदगी महसूस हो रही है.परिषद में प्रस्ताव पास होते हैं उसके बाद काम नहीं होते जिसको लेकर सभी पार्षद परेशान हैं.

## पार्षद हुए दो फाड़

परिषद सूत्रों की माने तो इस वक्त सत्ताधारी दल के पार्षद दो फाड़ नजर आ रहे हैं वहीं निर्दलीय और कांग्रेस के पार्षदों ने चुप्पी साध रखी है.निर्दलीय पार्षदों ने औपचारिक चर्चा में बताया कि हमें इस विवाद से कोई लेना-देना नहीं है हम तो निर्दलीय पार्षद हैं.वही कुछ निर्दलीय और कांग्रेस के पार्षदों ने सत्ताधारी दल का दामन थाम लिया था और आज वे भाजपा मंडल में विशेष आमंत्रित सदस्य भी हैं.

## परिषद के विवाद में नपा कर्मियों की बल्ले- बल्ले

कुछ पार्षदों का कहना है कि परिषद में चल रहे विवादों के कारण नगर पालिका कर्मचारी पार्षदों की बात नहीं सुन रहे जिससे विकास प्रभावित हो रहा है तथा नपा कर्मी अपनी मनमर्जी से काम कर रहे हैं.भारतीय जनता पार्टी, जो स्वयं को एक अनुशासित और मजबूत संगठन के रूप में प्रस्तुत करती है, पार्टी पार्षदों के बीच गहराता विवाद संगठनात्मक एकता पर सवाल खड़े कर रहा है.एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप और बयानबाज़ी से न केवल पार्टी की छवि धूमिल हो रही है, बल्कि इसका सीधा असर नगर के विकास कार्यों पर भी पड़ रहा है.जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है, लेकिन जनप्रतिनिधि आपसी खींचतान और वर्चस्व की लड़ाई में उलझे हुए हैं.ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि क्या यह सियासी रस्साकशी जनहित से ऊपर हो गई है?

# अवैध क्लीनिक किये सील

**नींद से जागा स्वास्थ्य विभाग**



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 11 जुलाई , जिले में अवैध क्लीनिक संचालन करने वालों की जांच पड़ताल सतत जारी है.निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप क्लीनिक संचालन नहीं पाए जाने पर उसे मौके पर चिकित्सीय टीम के द्वारा सील्ड करने की कार्यवाही की जा रही है.**

बासौदा के ब्लॉक मेडिकल आफीसर डा प्रमेन्द्र तिवारी ने बताया कि विकासखण्ड क्षेत्र में अवैध क्लीनिक की सूचनाएं प्राप्त होने पर अविलम्ब जांच पड़ताल की जा रही है. उन्होंने बताया कि गत दिवस त्योंदा गंजबासौदा रोड़ पर संचालित एक अवैध क्लीनिक सुमित मालकर के द्वारा संचालित की जा रही थी जिसे सील्ड किया गया है इसी प्रकार शुक्रवार को त्योंदा में शिवराज दांगी के द्वारा संचालित बांके बिहारी क्लीनिक की जांच पड़ताल की गई और निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप क्लीनिक का संचालन नहीं पाए जाने के फलस्वरूप बांके बिहारी क्लीनिक को सील्ड करने की कार्यवाही की गई है.अवैध क्लीनिक सील कार्यवाही के दौरान तहसीलदार रितू राय, बीएमओ परमेन्द्र तिवारी, मेडिकल आफीसर मनीष राव, फार्मेसिस्ट राहुल साहू और पटवारी मयंक साहू मौके पर मौजूद रहे.

**एक नजर में**

## राष्ट्र सेविका ने मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** राष्ट्र सेविका समिति सिरोंज नगर का गुरु पूजन कार्यक्रम मैत्रेई शाखा केशव बस्ती, पालीवाल कालोनी में संपन्न हुआ. जिसमें सेविका बहनों ने भगवा ध्वज का पूजन व दक्षिणा अर्पण किया. कार्यक्रम की मुख्य वक्ता नगर कार्यवाहिका अर्चना चौहान ने विभिन्न जानकारी दी. इस अवसर पर शाखा प्रमुख सरला भार्गव सहित संगठन की कार्यकर्ता उपस्थित रही.

## दुर्गा उत्सव चल समारोह पुरस्कार वितरण आज

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** श्री दुर्गा उत्सव का पुरस्कार वितरण आज 12 जुलाई शनिवार को सिविल लाइन रोड़ स्थित ऑडिटोरियम में किया जायेगा.सनातन श्री हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि दोपहर में 3 बजे से कार्यक्रम शुरु होगा. जिसमें लगभग 200 झांकियों को पुरस्कार दिया जाएगा. उन्होंने बताया कि जिन भक्तों ने दुर्गा जी की झांकियां लगाई थीं और दुर्गा उत्सव चल समारोह में शामिल हुए थे. इनमे से जिनका पंजीयन पहले हो चुका था. उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा. पुरस्कार वितरण रंगई मंदिर के गुरुदेव श्री 1008 विशंभर दास रामायणी जी के सानिध्य में सम्पन्न होगा.

## सफाई मित्रों को मिले रैनकोट

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** नगरपालिका के सफाई मित्रो को रेनकोट का वितरण विधायक उमाकांत शर्मा की मौजूदगी में किया गया. इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का गृहप्रवेश भी कराया गया. इस मौके पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को भी सुना. नपा परिसर में विधायक शर्मा ने कहा कि सफाई मित्र हर मौसम में जनसेवा करते हैं. उनकी समस्या एवं मांगो के निराकरण के प्रयास किए जा रहे हैं. इस मौके पर उन्होंने वार्ड 19 में प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही रामकुमारी दुबे तथा खातून बी को उनके आवास में प्रवेश कराया. जानकारी के मुताबिक योजना के प्रारंभ होने से अभी तक 2680 हितग्राही योजना से लाभान्वित हो चुके हैं. इसके अलावा 2.0 योजना के अंतर्गत 107 हितग्राहियों के नवीन आवास की प्रक्रिया कार्यशील है. इस अवसर पर नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष,मनोज शर्मा, पार्षद, सीएमओ रामप्रकाश साहू, स्वास्थ्य अधिकरी धीरज मैना सहित नपा के अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई मित्र मौजूद रहे.




# होगी जिला शतरंज प्रतियोगिता

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** जिला शतरंज एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक मगधम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हुई.बैठक की सोमिल पलोड की अध्यक्षता में की गई.सर्व समिति से बैठक में निर्णय लिया.जिला शतरंज संघ द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी. जिले के सातों ब्लॉकों मैं पदाधिकारी बनाए जाएंगे और ब्लॉक खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया जाएगा और महत्वपूर्ण निर्णय लिए पदाधिकारी में अध्यक्ष सोमिल वरिष्ठ उपाध्यक्ष अटल तिवारी , उपाध्यक्ष श्रवण लड्डा ,कोषाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ,सचिव आकाश थापा ,सहसचिव घनश्याम तिवारी, सदस्य रुक्मणी लोधी, मनीष अहिरवार साक्षी शर्मा उपस्थिति रहे एवं बैठक में सभी ने विश्वामित्र अवॉर्डी कोच दिलीप सिंह थापा का स्वागत अभिनंदन किया.

# लोधी समाज ने एसपी के नाम दिया ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,शुक्रवार को हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धामनोद में कुछ दिन पहले रात्रि में युवकों को रोककर उन पर हमला करने की कोशिश की गई थी. इसके विरोध में लोधी समाज के लोग बड़े संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी रोहित काशवानी के नाम ज्ञापन दिया गया.**

उन्होंने आरोप लगाया की हैदरगढ़ थाना पुलिस उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रही है.कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी रोहित काशवानी के नाम ज्ञापन पुलिस प्रशासन को दिया गया. इस दौरान सत्यम लोधी, सरवन सिंह लोधी, दौलत सिंह आदि ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके भतीजे भोपाल से अपने गांव आ रहे थे. इसी दौरान रात्रि में करीब 12 बजे गांव के पास ही एक बोलेरो गाड़ी ने ओवर टेक करते हुए आगे रोक लिया और गाड़ी में सवार आठ लोग उतरे और उनकी गाड़ी पर पथराव कर दिया। अपनी जान बचाकर भागने के लिए गाड़ी को रिवर्स लेकर करीब 300 मीटर तक गए और बाद में गाड़ी आगे रोककर खेत में भागकर अपनी जान बचाई.उन्होंने कहा कि इस मामले की शिकायत हैदरगढ़ थाने में कर चुके हैं, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसी बात से नाराज लोधी समाज के लोग बड़ी संख्या में उनके साथ कलेक्टोरेट पहुंचे और पुलिस अधीक्षक के नाम पुलिस प्रशासन को आवेदन देकर का जल्द से जल्द आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई.

# संस्कृत गौरव दिवस आयोजन को लेकर हुयी बैठक

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ गोविंद गंधे के मुख्य आतिथ्य एवम गोविन्द देवलिया की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई.संस्कृति विभाग कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के द्वारा प्रतिवर्ष जिला शिक्षा विभाग और पंडित गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास के सहयोग से आयोजित होता है. इस वर्ष संस्कृत गौरव दिवस का आयोजन 20-21 अगस्त को संकल्पित है.

संस्कृत गौरव दिवस का यह आयोजन महर्षि पतंजलि के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर केंद्रित होता है. देश भर के संस्कृत विद्वानो और विदिशा के विद्वानों से रिसर्च पेपर आमंत्रित किए जाते हैं वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी की जाती है.इस अवसर पर विद्यालय माध्यमिक तथा उच्चतरऔर महाविद्यालय स्तर पर संस्कृत श्लोक पाठ, निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेंगे.संस्कृत गौरव दिवस महोत्सव में त्रिस्तरीय प्रतियोगिताएं होगी पुरस्कृत छात्रों एव सभी संबंधित विद्यालय के शिक्षक पुरुस्कृत किये जायेंगे. बैठक में डॉ परमानंद मिश्रा, बीके जैन, गोविंद देवलिया,शिवकुमार तिवारी, संजय पुरोहित, मनोज राजपुरोहित, वृज किशोर गोयल, प्रवीण शर्मा, ओ पी चतुर्वेदी, डॉ श्याम सिंह, संतोष नामदेव, अरविंद द्विवेदी ,वी पी भट्ट ,उमेश ताम्रकार ,सुरेंद्र कुशवाह, बालाराम ओशो संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी, सुरेश शर्मा एवं पुनीत संज्ञा उपस्थित थे. उक्त जानकारी संस्कृत प्रभारी सुरेश शर्मा ने प्रदान की.

## बीएलओ व सुपरवाईजर के प्रशिक्षण का हुआ समापन

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ एवं सुपरवाईजर का प्रशिक्षण 9 जुलाई से 11 जुलाई तक सम्पन्न होकर आज समापन हुआ.विधानसभा क्षेत्र कुरवाई के 296 मतदान केंद्र के बी.एल.ओ का प्रथम दिवस में 98 एवं दूसरे दिवस में 98 एवं तृतीय दिवस में 95 बीएलओ एवं 29 सुपरवाईजर को प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण सत्रों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन हेतु कौन-कौन से फॉर्म प्रयुक्त करना उदाहरण के तौर पर सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर से फार्म भरवाए गए प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को अपने अनुभाग से भली भांति परिचित होना चाहिए.

# सीएमएचओ ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण, दिये दिशा निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रामहित कुमार द्वारा जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया. बता दें कि कुछ समय पहले ही डॉक्टर रामहित कुमार विदिशा में सीएमएचओ के रूप में पदस्थ हुए हैं. उनका जिला अस्पताल यह यह पहला दौर था. उन्होंने इस दौरान विभिन्न वार्डो का निरीक्षण करने के साथ ओपीडी कक्षों का भी निरीक्षण किया. वहीं कुछ आवश्यक सुधार के संबंध में निर्देशित किया. इस दौरान कमियां पाए जाने पर संबंधितों को निर्देश देकर कमियों को दूर करने के निर्देश उनके द्वारा दिए गए. किसी भी मरीज और उनके परिजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो विशेष ध्यान दिया जाने की बात उन्होंने कही. उन्होंने कहा कि लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

## 41 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के करैयाखेड़ा रोड सांवरिया कॉलोनी में रहने वाले 41 वर्षीय प्रवीण लोधी जो हम्माली का काम करते हैं, गुरूवार को काम पर गए थे. वापस आने पर उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई.अचानक उल्टियां होने लगी. परिवार के सदस्य उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां ट्रामा सेंटर में भर्ती रखने के बाद उन्हें रेफर कर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया. जहां इलाज के दौरान आधी रात 3 के लगभग उनकी मौत हो गई.शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में उनका पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया. वहीं पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है.पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह सामने आ पाएगी.

# नये आइडिया के साथ स्टार्टअप शुरू करना है तो मिल सकते हैं 15 लाख-वायके जैन

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, नए आइडियाज को प्रोटोटाइप में विकसित करने पर अधिकतम 15 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं.केंद्र सरकार की एमएसएमई इनक्यूबेशन योजना के तहत स्वरोजगार एवं उद्यमिता में रूचि ले रहे युवाओं के लिए बेहतरीन मौका है.**

सम्राट अशोक अभियांत्रिकीय संस्थान के निदेशक डॉ. वायके जैन ने बताया कि एमएसएमई इन्क्यूबेशन योजना के तहत मध्य प्रदेश के चुनिंदा मेजबान संस्थानों में हमारा एसएटीआई भी एक अनुमोदित संस्थान है.आत्मनिर्भर भारत की ओर एवं देश के युवाओं, एमएसएमई एवं स्टार्टअप को सशक्त बनाने की दिशा में हर साल की तरह इस साल भी एमएसएमई मंत्रालय ने एमएसएमई आइडिया हैकथॉन 5.0 की घोषणा की है.इस योजना में कोई भी इच्छुक युवा अथवा विद्यार्थी 18 से 60 वर्ष की आयु का हो एमएसएमई एवं स्टार्टअप जिसके पास इनोवेटिव आइडिया हो वह भाग ले सकता है और 15 लाख तक का अनुदान प्राप्त कर सकता है.इस स्कीम में पंजीकरण की अंतिम तिथि को 14 जुलाई को रात्रि 11: 59 तक है.होस्ट इंस्टीट्यूट के मार्गदर्शन से आइडिया तैयार किया जाएगा.महाराजा जीवाजीराव एज्युकेशन सोसायटी के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर ने एमएसएमई इन्क्यूबेशन योजना की प्रशंसा करते हुए बताया कि जिले के युवा इंजीनियर्स, एमएसएमई अथवा स्टार्टअप को इसका लाभ लेना चाहिए.उन्होंने कहा कि स्वरोजगार एवं उद्यमिता में रूचि लेने वाले जिले का कोई भी युवा एसएटीआई स्थित इन्क्यूबेशन सेंटर में डॉ. दिव्य ऋषि साहू नोडल अधिकारी से संपर्क कर सकते है एवं एमएसएमई की वेबसाइट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

# सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर में 90 शिकायतों का निराकरण

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** शुक्रवार को सामुदायिक भवन पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में एक दिवसीय सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया.शिविर का उद्देश्य जनता की शिकायतें सुनकर उनका त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान करना रहा. इस आयोजित शिविर में 30 जून 2025 की स्थिति में लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान किया गया. शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 150 आवेदकों की शिकायतें सुनी गईं, जिनमें से 90 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया. शेष प्रकरणों पर भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए.पुलिस अधीक्षक ने स्वयं फरियादियों से चर्चा कर समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए. उन्होंने क्षेत्रवासियों को निष्पक्ष और वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया. इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह, सिरोंज एसडीओपी उमेश तिवारी, लटेरी एसडीओपी अमरेश बोहरे, बासौदा एसडीओपी शिखा भल्लावी, कुरवाई एसडीओपी रोशनी सिंह ठाकुर सहित सभी थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.

# भागवत कथा के साथ-साथ होगा पार्थिव शिवलिंग निर्माण

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, शुक्रवार को माधवगंज चौराहा स्थित शिव मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई.इस दौरान महिलाएं सिर पर कलश रखे हुए चल रही थीं जो सम्राट गार्डन पहुंची और पार्थिव शिवलिंग बनाए गए. वहीं दोपहर 1 बजे से भागवत कथा महापुराण का वाचन पंडित शुभम शास्त्री द्वारा किया गया.**

श्रीमद् भागवत कथा महापुराण आयोजन को लेकर शुक्रवार को माधवगंज चौराहा स्थित शिव मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई.इस दौरान धर्मश्री संस्था के अध्यक्ष मनोज कटारे ने बताया कि स्थानीय सम्राट गार्डन में 11 जुलाई से 17 जुलाई तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा. साथ ही सुबह पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान एक सप्ताह तक प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में प्रतीक शिवलिंग बनाए जाएंगे.उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा महापुराण और शिवलिंग निर्माण का आयोजन पिछले 11 वर्षों से लगातार किया जा रहा है. इस वर्ष भी भागवत कथा महापुराण को लेकर कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में नगर के लोग शामिल हुए. इस दौरान कलश यात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया. उन्होंने कहा कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस आयोजन में सुबह पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया जाएगा और दोपहर 1 बजे से कथा का वाचन किया जाएगा. उन्होंने बताया कि इस दौरान पंडित शुभम शास्त्री द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा जो शाम 5 बजे तक होगा इसके बाद मंगल आरती और अभिषेक किया जाएगा। उन्होंने नगर के लोगों से अपील की है कि भागवत कथा और पार्थिव शिवलिंग निर्माण में बड़ी से बड़ी संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ उठाएं.

# विद्युत विभाग की लचर सेवा व्यवस्था से उपभोक्ता बेहाल

**हेल्पलाइन नंबर से नहीं मिल रही मदद, शिकायत के घंटे बाद भी नहीं हो रहा फॉल्ट दुरुस्त**

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा , राजस्व वसूली में अच्छी रैंक हासिल करने वाली विद्युत वितरण कंपनी आम उपभोक्ताओं की समस्याएं सुलझाने में बुरी तरह विफल साबित हो रही है. जिले में विद्युत फाल्ट की शिकायतों पर न तो समय पर कार्रवाई हो रही है और न ही हेल्पलाइन नंबरों से कोई संतोषजनक जवाब मिल पा रहा है.**

शुक्रवार शाम को श्रीराम नगर क्षेत्र निवासी शिवराज विश्वकर्मा के मकान में बिजली आपूर्ति उस समय बंद हो गई.जब बिजली के खंभे से मकान की ओर जाने वाली तार में तकनीकी गड़बड़ी आ गई.उपभोक्ता ने शाम करीब 6 बजे विद्युत विभाग की अधिकृत हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई. इसके बाद करीब सवा दो घंटे तक उनके मोबाइल पर फीडर फाल्ट ठीक कर दिया गया है जैसे मैसेज आते रहे, जबकि हकीकत में उनके घर की बत्ती गुल रही. वे बार-बार हेल्पलाइन पर कॉल करते रहे, लेकिन वहां से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली.हारकर उपभोक्ता ने विभाग के स्थानीय अधिकारियों से संपर्क किया. अधिकारियों ने स्टाफ की कमी का हवाला देते हुए कहा कि स्टाफ अभी अन्य स्थान पर कार्यरत है, जैसे ही वह कार्य से मुक्त होगा, विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी.हालांकि इसी बीच बारिश शुरू हो गई, जिससे फाल्ट सुधारने का कार्य और टल गया.रात 9 बजे तक उपभोक्ता अंधेरे में परेशान होता रहा और विभाग से कोई भी मदद नहीं मिल सकी.

## प्रशासन और विभाग पर सवाल

इस मामले से यह स्पष्ट होता है कि विद्युत विभाग की हेल्पलाइन प्रणाली महज औपचारिकता बनकर रह गई है.उपभोक्ता सिर्फ मैसेज पाकर संतोष नहीं कर सकता. जब तक वास्तविक रूप से समस्या का समाधान न हो.जनता अब यह सवाल करने लगी है कि जब विभाग वसूली में अव्वल आ सकता है, तो फिर सेबाओं में क्यों पीछे है.

# बालाजी धाम वडोह में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह भक्ति के आयोजन किए गए वहीं बडोह स्थित बालाजी धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया. आयोजन गुरुवार को बड़े धूमधाम से मनाया गया सुबह से ही गुरु पूर्णिमा के दिन श्री बालाजी सरकार का अभिषेक श्रृंगार एवं पूजन महाआरती गुरु महाराज की चरण वंदना गुरु दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

आयोजन के दौरान जो लोग बालाजी धाम के महंत विष्णु दत्त महाराज से दीक्षा लेने बड़ी संख्या में भक्ति पहुंचे बालाजी धाम के महंत विष्णु दत्त महाराज ने कहां कि गुरु के साथ-साथ माता-पिता का भी आदर सम्मान करना चाहिए एवं राष्ट्रहित के लिए कार्य भी करें हिंदू संस्कृति में गुरुओं का विशेष महत्व बताया गया है उन्होंने कहा गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय इस पंक्ति में कबीर दास जी ने गुरु का दर्जा ईश्वर से भी बड़ा कर बताया है गुरु ही संपूर्ण ज्ञान से हमारे जीवन के अंधकार को दूर करते हैं आपको बता दें कि हिंदू धर्म में अल मार्ग को बेहद खास माना जाता है इस महीने में पढ़ने वाली पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहते हैं गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु पूजा का महत्व शास्त्रों में बताया गया है की गुरु पूर्णिमा की महत्व को देखते हुए काफी तादात में लोग मंदिर मटन और सिद्ध स्थलों पर पहुंचती हैं और अपने गुरुओं से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं एवं फूल माला पहन कर तिलक लगाकर गुरुओं का सम्मान किया वहीं बडोह बालाजी धाम में विशाल भंडारा एवं प्रसादी का वितरण भी किया गया भंडारा प्रात: 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक बालाजी धाम बडोह मैं किया गया.इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे.